CBSE CLASS X

# Hindi Course B (085)

QUESTION PAPER

*From previous CBSE Board Exam questions*

| Code: EZK1TJ | Questions: 13 | Maximum Marks: 32 | Generated: 2026-06-15 13:05 |
|---|---|---|---|

**SELECTIONS USED**

| | |
|---|---|
| Source | Previous-year board |
| Subject | Hindi |
| Lessons | सीताराम सेकसरिया – डायरी का एक पन्ना |
| Year | 2022-2026 |
| Questions selected | 13 |

Composition — Types: 12 Short · 1 reading_comprehension

**Q1.** **[3]**

'डायरी का पन्ना' पाठ से उद्धृत पंक्ति 'आज जो बात थी वह निराली थी ।' – का आशय स्पष्ट कीजिए ।

Previously asked in: 2024 4/3/1 Q11 (ख)

◆ सीताराम सेकसरिया – डायरी का एक पन्ना | 9.3.1 स्वतंत्रता आंदोलन | 9.4 घटनाओं का वर्णन

**Q2.** **[2]**

धर्मतल्ले पर क्या घटना घटित हुई ? 'डायरी का पन्ना' पाठ के आधार पर लिखिए ।

Previously asked in: 2025 4/6/1 Q8 (II)

◆ सीताराम सेकसरिया – डायरी का एक पन्ना | 9.3.1 स्वतंत्रता आंदोलन | 9.4 घटनाओं का वर्णन

**Q3.** **[2]**

'डायरी का एक पन्ना' पाठ में ओपन लड़ाई किसे कहा गया है ? यह अपूर्व क्यों थी ?

Previously asked in: 2025 4/5/1 Q8 (II)

◆ सीताराम सेकसरिया – डायरी का एक पन्ना | 9.3 ऐतिहासिक संदर्भ | 9.3.1 स्वतंत्रता आंदोलन | 9.4 घटनाओं का वर्णन

**Q4.** **[2]**

'डायरी का एक पन्ना' पाठ में लेखक द्वारा कई आंदोलनकारियों का उल्लेख हुआ है, जिनसे हम साधारणतः अपरिचित हैं। इसके पीछे लेखक का क्या दृष्टिकोण हो सकता है?

Previously asked in: 2025 4/4/1 Q8 (ii)

◆ सीताराम सेकसरिया – डायरी का एक पन्ना | 9.3.1 स्वतंत्रता आंदोलन | 9.3.2 व्यक्तिगत अनुभव | 9.5 संदेश और भाव

**Q5.** **[2]**

'आज हम आज़ादी की जिस हवा में साँस ले रहे हैं उसे पाने के लिए हमारे पूर्वजों ने अंग्रेज़ सरकार के अनेक अत्याचार सहे।' 'डायरी का एक पन्ना' पाठ के आधार पर इसकी पुष्टि कीजिए।

Previously asked in: 2025 4/3/1 Q8 (क)

◆ सीताराम सेकसरिया – डायरी का एक पन्ना | 9.3.1 स्वतंत्रता आंदोलन | 9.3.2 व्यक्तिगत अनुभव | 9.5 संदेश और भाव

Available for free from:
https://cbsegrade10studyguide.com
https://github.com/orgs/cbse-free-resources/repositories

**Q6.** **[2]**

'डायरी का एक पन्ना' पाठ में स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम को मनाए जाने के विषय में घर-घर जाकर क्यों समझाया जा रहा था ?

Previously asked in: 2025 4/2/1 Q8 (क)

◆ सीताराम सेकसरिया – डायरी का एक पन्ना | 9.3.1 स्वतंत्रता आंदोलन | 9.3.2 व्यक्तिगत अनुभव

**Q7.** **[2]**

'एक संगठित समाज कृत-संकल्प हो तो कुछ भी कर सकता है ।' 'डायरी का एक पन्ना' पाठ के आधार पर इस कथन को सिद्ध कीजिए।

Previously asked in: 2025 4/1/1 Q8 (क)

◆ सीताराम सेकसरिया – डायरी का एक पन्ना | 9.3.1 स्वतंत्रता आंदोलन | 9.3.2 व्यक्तिगत अनुभव | 9.4 घटनाओं का वर्णन

**Q8.** **[2]**

क्या 26 जनवरी 1931 के दिन को मनाने के लिए विद्यालयों के विद्यार्थियों को उसमें शामिल किया जाना उचित था ? 'डायरी का एक पन्ना' पाठ के संदर्भ में लिखिए ।

Previously asked in: 2026 4/3/1 Q8 (iv)

◆ सीताराम सेकसरिया – डायरी का एक पन्ना | 9.3 ऐतिहासिक संदर्भ | 9.3.1 स्वतंत्रता आंदोलन | 9.3.2 व्यक्तिगत अनुभव

**Q9.** **[2]**

'डायरी का एक पन्ना' पाठ में 26 जनवरी 1931 के दिन पूरे कलकत्ता में हर जगह उत्साह और नवीनता क्यों दिखाई दे रही थी ?

Previously asked in: 2026 4/2/1 Q10 (ii)

◆ सीताराम सेकसरिया – डायरी का एक पन्ना | 9.3 ऐतिहासिक संदर्भ | 9.3.1 स्वतंत्रता आंदोलन | 9.3.2 व्यक्तिगत अनुभव

Available for free from:
https://cbsegrade10studyguide.com
https://github.com/orgs/cbse-free-resources/repositories

**Q10.** **[5]**

> बड़े बाज़ार के प्रायः मकानों पर राष्ट्रीय झंडा फहरा रहा था और कई मकान तो ऐसे सजाए गए थे कि ऐसा मालूम होता था कि मानो स्वतंत्रता मिल गई हो । कलकत्ते के प्रत्येक भाग में ही झंडे लगाए गए थे । जिस रास्ते से मनुष्य जाते थे, उसी रास्ते में उत्साह और नवीनता मालूम होती थी । लोगों का कहना था कि ऐसी सजावट पहले नहीं हुई । पुलिस भी अपनी पूरी ताकत से शहर में गश्त देकर प्रदर्शन कर रही थी । मोटर लारियों में गोरखे तथा सारजेंट प्रत्येक मोड़ पर तैनात थे । कितनी ही लारियाँ शहर में घुमाई जा रही थीं । घुड़सवारों का प्रबंध था । कहीं भी ट्रैफिक पुलिस नहीं थी, सारी पुलिस को इसी काम में लगाया गया था । बड़े-बड़े पार्कों तथा मैदानों को पुलिस ने सवेरे से ही घेर लिया था । मोनुमेंट के नीचे जहाँ शाम को सभा होने वाली थी उस जगह को तो भोर में छह बजे से ही पुलिस ने बड़ी संख्या में घेर लिया था ।

पठित गद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए :

**(i)** घुड़सवारों का प्रबंध किसकी ओर से किया गया था ? [1]

(a) पुलिस प्रशासन
(b) कांग्रेस कौंसिल
(c) स्थानीय समिति
(d) केन्द्र सरकार

**(ii)** बड़े बाज़ार के मकानों को सजाने और उन पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने का क्या कारण था ? [1]

(a) स्वतंत्रता प्राप्ति की खुशी मनाना
(b) स्वतंत्रता दिवस की वर्षगाँठ मनाना
(c) लोगों में उत्साह और नवीनता का संचार करना
(d) लोगों में देशभक्ति की भावना का संचार करना

**(iii)** शहर में कहीं भी ट्रैफ़िक पुलिस क्यों नहीं थी ? [1]

(a) ट्रैफ़िक पुलिस गश्त के काम में लगी थी ।
(b) उस दिन शहर में कोई ट्रैफ़िक नहीं था ।
(c) ट्रैफ़िक पुलिस आज़ादी का उत्सव मना रही थी ।
(d) ट्रैफ़िक पुलिस को निरस्त कर दिया गया था ।

**(iv)** शहर के प्रत्येक मोड़ पर मोटर लारियों में गोरखे तथा सारजेंट क्यों तैनात थे ? [1]

(a) कार्यक्रम के दौरान होने वाली हिंसा को रोकने के लिए
(b) सरकारी आदेशानुसार कर्तव्य का निर्वाह करने के लिए
(c) शाम को होने वाली सभा का प्रबंध करने के लिए
(d) शाम को होने वाली सभा में सम्मिलित होने के लिए

**(v)** निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए । उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए । कथन (A): पुलिस ने बड़ी संख्या में पार्कों तथा मैदानों को घेर लिया था । कारण (R): पुलिस अपनी पूरी ताकत से शहर में गश्त देकर प्रदर्शन कर रही थी । [1]

(a) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों ग़लत हैं ।
(b) कथन (A) ग़लत है, लेकिन कारण (R) सही है ।
(c) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी ग़लत व्याख्या करता है ।
(d) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है ।

Previously asked in: 2023 4/2/1 Q9

◆ सीताराम सेकसरिया – डायरी का एक पन्ना | 9.3 ऐतिहासिक संदर्भ | 9.3.1 स्वतंत्रता आंदोलन | 9.3.2 व्यक्तिगत अनुभव | 9.4 घटनाओं का वर्णन

**Q11.** **[3]**

26 जनवरी, 1931 के दिन कलकत्ता के बड़े बाज़ार का दृश्य कैसा था ? स्वतंत्रता आंदोलन में इस तरह के दृश्यों का क्या महत्त्व रहा होगा ? 'डायरी का एक पन्ना' पाठ के संदर्भ में लिखिए ।

Previously asked in: 2024 4/5/1 Q11 (क)

◆ सीताराम सेकसरिया – डायरी का एक पन्ना | 9.3.1 स्वतंत्रता आंदोलन | 9.3.2 व्यक्तिगत अनुभव | 9.4 घटनाओं का वर्णन

Available for free from:
https://cbsegrade10studyguide.com
https://github.com/orgs/cbse-free-resources/repositories

**Q12.** **[3]**

'डायरी का एक पन्ना' पाठ में 26 जनवरी 1931 को अमर-दिन क्यों कहा गया है और उसके लिए क्या तैयारियाँ की गईं ?

Previously asked in: 2024 4/4/1 Q11 (क)

◆ सीताराम सेकसरिया – डायरी का एक पन्ना | 9.3 ऐतिहासिक संदर्भ | 9.3.1 स्वतंत्रता आंदोलन | 9.3.2 व्यक्तिगत अनुभव

**Q13.** **[2]**

'एक संगठित समाज कृत संकल्प हो तो ऐसा कुछ भी नहीं जो वह न कर सके ।' – 'डायरी का एक पन्ना' पाठ के आधार पर इस कथन को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए ।

Previously asked in: 2026 4/4/1 Q8 (iv)

◆ सीताराम सेकसरिया – डायरी का एक पन्ना | 9.3.1 स्वतंत्रता आंदोलन | 9.3.2 व्यक्तिगत अनुभव | 9.4 घटनाओं का वर्णन

---

Available for free from:
https://cbsegrade10studyguide.com
https://github.com/orgs/cbse-free-resources/repositories

Available for free from:
https://cbsegrade10studyguide.com
https://github.com/orgs/cbse-free-resources/repositories